नया इंडिया

खेल

सार समाचार

नीतिश राणा ने पश्चिम दिल्ली लायंस को डीपीएल खिताब दिलाया

नई दिल्ली, भाषा। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया । जीत के लिये 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को शुरूआती झटके लगे जब सेंट्रल दिल्ली के गेंदबाजों समरजीत सिंह और अरूण पुंडीर ने लगातार विकेट लेकर पांचवें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 48 रन कर दिया । इसके बाद कप्तान राणा ने मयंक गुसाई के साथ 42 रन की साझेदारी की । उसके बा रितिक शोकीन (27 गेंद में नाबाद 42) के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिल गया । राणा ने अपनी पारी में छह छक्के लगाये । इससे पहले सेंट्रल दिल्ली ने 20 ओवर में 173 रन बनाये थे । राणा ने गेंदबाजी में भी जलवा दिखाते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया ।

मलेशिया और कोरिया पूल बी से सुपर चार में पहुंचे

राजगीर (बिहार),भाषा। मलेशिया और कोरिया ने सोमवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने-अपने मैच आसानी से जीत कर सुपर चार चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराया। मलेशिया तीन मैचों में जीत के साथ नौ अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि कोरिया छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बांग्लादेश तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि चीनी ताइपे एक भी मैच नहीं जीत पाया। दिन के दूसरे मैच में मलेशिया की तरफ से अशरन हमसानी (आठवें, 15वें, 32वें, 54वें मिनट), अखीमुल्लाह अनुआर (10वें, 20वें, 29वें, 45वें, 56वें), नोर्सयाफिक सुमांत्री (20वें, 40वें, 60वें), अबू कमाल अजराई (22वें), एंडीवालफियन एफ्रिनस (24वें) और ऐमान रोजेमी (32वें) ने गोल किए।

टेनिस प्रीमियर लीग नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद में

मुंबई, भाषा। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां टूर्नामेंट नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में 30 से 50 के बीच के एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें कई भारतीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे जिनमें दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोहन बोपन्ना भी शामिल हैं। यह पहला अवसर होगा जब इस प्रतियोगिता को महाराष्ट्र से बाहर आयोजित किया जाएगा।

आईसीसी ने बढ़ाई महिला वर्ल्ड कप की ईनामी राशि

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है।

दुबई ■ भाषा/डेस्क

भारत और श्रीलंका की संयुक मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है।

महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है। आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88

मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपये) घोषित की है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा, आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपये) थी।

महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपये) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपये) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपये) मिलेंगे। आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है।

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है।

उन्होंने कहा, यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफ़र में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।''

भारत सीएएफए नेशन्स कप में ईरान से 0-3 से हारा

हिसोर ■ भाषा/डेस्क

भारत ने आखिरी सात मिनट में दो गोल गंवाए जिससे टीम को सोमवार को यहां सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में गत चैंपियन ईरान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय रक्षापंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया और ईरान के कई हमलों को नाकाम किया लेकिन अमीरहुसैन हुसैनजादेह (60वें मिनट), अली अलीपुरघारा (89वें मिनट) और मेहदी तारेमी (90 प्लस 6 मिनट) के गोल की बदौलत गत चैंपियन टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

ईरान की टीम काफी मजबूत है और उसकी विश्व रैंकिंग 20 है जबकि भारत वर्तमान में फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर है।

ईरान के मुख्य कोच आमिर गलेनोई ऐसी टीम के साथ आए हैं जिसमें अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और ईरानी प्रीमियर लीग के कुछ उभरते खिलाड़ियों का मिश्रण है।

सबालेंका, जोकोविच, अल्काराज यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क ■ वार्ता/डेस्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पाँचवीं बार अंतिम-आठ में



जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की।

एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जोकोविच का अगला मुकाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था।

मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविच ने कहा, "अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की ज़रूरत नहीं है।

आर्थिकी/परदेश

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 555 अंक उछला

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सोमवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स ने 555 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी में 198 अंक की बढ़त रही।

विश्लेषकों ने कहा कि अनुकूल निवेशक धारणा के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी से बाजार को तेजी मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 554.84 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सूचकांक 597.19 अंक चढ़कर 80,406.84 अंक तक पहुंच गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,625.05 अंक पर बंद

हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार पिछले तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स में 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। इनमें से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इटर्नल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि सन फार्मा, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

कोल इंडिया का उत्पादन अप्रैल-अगस्त में चार प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, भाषा। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सोमवार को कहा कि उसका उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 3.5 प्रतिशत घटकर 28.02 करोड़ टन रहा।

कंपनी के उत्पादन में गिरावट वैसे समय आई है जब सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अगस्त अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन 29.04 करोड़ टन रहा था। कोल इंडिया की जिन सहायक कंपनियों ने नकारात्मक वृद्धि दर्ज की, वे हैं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल), और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)। हालांकि, अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का कोयला उत्पादन पिछले महीने 5.04 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष अगस्त में 4.61 करोड़ टन से अधिक है।

पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में 800 लोगों की मौत, 2,500 घायल

काबुल ■ एपी/डेस्क

पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गयी तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता यह जानकारी दी। भूकंप के बाद परेशान अफगानी लोग रात के अंधेरे में भी मलबे में अपने लापता प्रियजनों की तलाश करते रहे। पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से आठ किलोमीटर की गहराई में था। कम गहराई वाले भूकंप ज्यादा नुकसा पहुंचाते हैं। भूकंप के बाद भी क झटके महसूस किए गए। फुटे दिखाया गया कि बचावक घायल लोगों को ढही इमारतों से निकाल कर स्ट्रेच की मदद से हेलिकॉप्टरों में ले ज रहे हैं, जबकि लोग हाथों मलबे को हटाने में लगे हुए हैं तालिबान सरकार के प्रवक्त ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवा को एक संवाददाता सम्मेलन बताया कि मरने वालों क संख्या बढ़कर 800 हो गई है औ 2,500 लोग घायल हुए हैं उन्होंने बताया कि ज़्यादात लोग कुनार प्रांत में हताहत हु

पाकिस्तान: मूसलाधार बारिश और बाढ़ से तबाही

पेशावर/लाहौर, भाषा पाकिस्तान के एक बड़े हिस मूसलाधार बारिश के कार पंजाब और खैबर पख्तूनख्व प्रांतों में बाढ़ की स्थिति उत्प हो गई और पिछले 24 घंटों कम से कम 15 लोगों की मौ हो गई। रविवार को जा आधिकारिक आंकड़ों में य जानकारी दी गई। अधिकारि के मुताबिक, बाढ़ से अब त लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

हैं। अफ़ग़ानिस्तान में इमारतें आमतौर पर कम ऊंचाई वाली होती हैं, जो ज़्यादातर कंक्रीट और ईंटों से बनी होती हैं, जबकि ग्रामीण और दूर-दराज़ के इलाकों में घर कच्ची ईंटों और लकड़ी से बने होते हैं। कई मकानों की गुणवत्ता घटिया है। कुनार के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक नर्गल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव खत्म हो गया है।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कर्मचारी कुशल प्रशासन व विकास अभियान, सेक्टर 10-बिलास्पुर-313021 (राज.)

निविदा-सूचना

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम भीलवाडा आगार के अधीनस्थ रिक्त स्थानो गुलाबपुरा (29 मील चौराहे), जहाजपुर, मान्डलगढ, लाडपुरा चौराहा, त्रिवेणी, आरोलही, सलावटिया, बनेडा, बिजौलिया बस स्टैण्ड (बिजौलिया, बून्दी), सवाईपुर, बिजयनगर (27 मील), शाहपुरा बस स्टैण्ड, हमीरगढ, चित्तौड चौराहा, सांगानेरी गेट पर बुकिग एजेन्ट नियुक्त किये जाने हेतु दिनांक 11.09.2025 निविदा आमंत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित शुल्क 200 रूपये + जीएसटी नकद जमा करवाकर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय समय मे प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति / संस्था अपने प्रस्ताव 11.09.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव दिनांक 11.09.2025 को 15:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोले जायेगे। इस सम्बध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट निगम http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc एवं sppp पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN : RTC2526SLOB00392

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387

रजि. कार्यालय :- ए-902ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोन नंबर 011- 71239900, ईमेल: hrd@titanbiotechltd.com,

वेबसाइट:- www.titanbiotechltd.com

कंपनी के सदस्यों के लिए सूचना

तैंतीसवीं (33वीं) वार्षिक आम बैठक और ई-वोटिंग सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड ("कंपनी") की तैंतीसवीं (33वीं) वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को अपराह्न 03:00 बजे IST** पर **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम)** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि कंपनी की 33वीं एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित अनुसार व्यवसाय का संचालन किया जा सके।

कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों और एमसीए एवं सेबी द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट की सूचना शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को उन सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी और/या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं। एमसीए परिपत्र के अनुसार, जिन शेयरधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें वैब लिंक और वार्षिक रिपोर्ट तक पहुँचने के लिए पत्र भेजे गए हैं।

1) कंपनी अधिनियम की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 के अनुसार, कंपनी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से भी मतदान कर सकते हैं और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग ले सकते हैं।

2) रिमोट ई-वोटिंग अवधि **सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को सुबह 10:00 बजे IST** से शुरू होगी और **गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को शाम 5:00 बजे IST** पर समाप्त होगी।

3) मतदान पात्रता (रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में) के लिए अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 है। केवल वे सदस्य जिनके नाम इस तिथि तक सदस्यों या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, वोट देने के हकदार होंगे।

4) जिन सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से और कट-ऑफ तिथि से पहले शेयर प्राप्त किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वोट डालने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के लिए एजीएम की सूचना देखें।

5) जो सदस्य पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

7) मैसर्स पीकेजी एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है।

8) सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर पुस्तकें एजीएम और लाभांश के उद्देश्य से शनिवार, 20 सितंबर, 2025 से शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी।

9) ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या 1800 21 09911 पर कॉल करें। तेलद्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों, जिन्होंने अपना ईमेल या केवाईसी विवरण अपडेट नहीं किया है, से अनुरोध है कि वे अपने डीपी के साथ ऐसा करें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सेबी द्वारा अनिवार्य रूप से पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और अपने फोलियो के लिए नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना आवश्यक है।

वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण के लिए कृपया वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की विस्तृत सूचना देखें।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-

चरणजीत सिंह

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: दिल्ली

दिनांक: 01.09.2025

अगस्त में जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 20 प्रतिशत घटकर 19,359 करोड़ रुपये रह गया। शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त 2025 में 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि है। ये आंकड़े केंद्र और राज्यों की जीएसटी



परिषद की बैठक से ठीक दो दिन पहले जारी किए गए। इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने और कर स्लैब की संख्या कम करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ईवाई के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि निर्यात रिफंड में उल्लेखनीय गिरावट से वैश्विक शुल्क के कारण निर्यात क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। अग्रवाल ने कहा, "प्रतिकूल वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, मजबूत घरेलू खपत अब तक स्थिर बनी हुई है।" डेलॉइट इंडिया के पार्टनर एम एस मणि ने कहा, "संग्रह में वृद्धि हाल ही में साझा किए गए जीडीपी आंकड़ों के अनुरूप है और नीति निर्माताओं को इससे जीएसटी सुधारों को आगे बढ़ाने का भरोसा मिलेगा।" इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जुलाई 2025 में वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि (जो अगस्त 2025 के जीएसटी आंकड़ों में दिखाई देगी) को देखते हुए आयात पर आईजीएसटी में कमी हैरान करने वाली है। टेक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा, '' सालाना आधार पर शुद्ध जीएसटी राजस्व में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू और आयात दोनों में जीएसटी रिफंड में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट के कारण हुई है। उन्होंने कहा, ''हालांकि एक तर्क यह हो सकता है कि निर्यात में गिरावट के कारण रिफंड आवेदनों में भारी गिरावट आई है, लेकिन यह असंभव जान पड़ता है क्योंकि सकल राजस्व अभी भी लगभग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। इसलिए, रिफंड में गिरावट का एक बड़ा कारण जमीनी स्तर पर रिफंड का रुका होना हो सकता है।